# यूपी पुलिस का 'ऑपरेशन सवेरा'

## चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश पुलिस ने **मादक पदार्थों की तस्करी** को रोकने और **नशा-मुक्त समाज** को बढ़ावा देने के लिये सहारनपुर क्षेत्र में '**ऑपरेशन सवेरा**' शुरू किया है।

- यह अभियान **मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ और **DGP** राजीव कृष्ण के निर्देशानुसार संचालित किया जा रहा है, जिसका लक्ष्य अवैध नशीले पदार्थों की पूरी शृंखला; निर्माताओं से लेकर तस्करों तक को समाप्त करना है।

## मुख्य बिंदु

- **उद्देश्य:**
  - यह अभियान सहारनपुर रेंज के तीन ज़िलों में **अवैध नशीले पदार्थों के निर्माता, बिचौलिये, आपूर्तिकर्त्ता और विक्रेताओं** पर केंद्रित है।
  - पुलिस नशीली दवाओं के व्यापार के अग्रिम और पश्चवर्ती दोनों संपर्कों को लक्षित करते हुए तस्करी नेटवर्क को ध्वस्त करेगी।
- **कानूनी अधिदेश:**
  - दोषी व्यक्तियों की दोषसिद्धि सुनिश्चित करने के लिये चल रहे **NDPS** मामलों की समीक्षा की जाएगी।
  - **स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ (NDPS) अधिनियम, 1985** और **स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ (PITNDPS) अधिनियम, 1988** के अवैध व्यापार की रोकथाम के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें अवैध दवा गतिविधियों के माध्यम से अर्जित संपत्तियों को ज़ब्त करना भी शामिल है।
- **जागरूकता:**
  - जागरूकता अभियान समाज, विशेषकर छात्रों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में शिक्षित करेंगे।
  - **नशामुक्ति केंद्रों** का निरीक्षण कर उनकी सुविधाओं और चुनौतियों का आकलन किया जाएगा तथा **पुनर्वास सहयोग** के लिये विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया जाएगा।

**नोट:** इससे पहले कानपुर पुलिस ने भू-माफिया, जबरन वसूली करने वाले गिरोहों और उनका समर्थन करने वाले प्रभावशाली व्यक्तियों के विरुद्ध 5 अगस्त, 2025 को '**ऑपरेशन महाकाल**' शुरू किया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/up-polices-operation-savera